विज्ञान तथा कला प्रदर्शनी देखते सेल-आइएसपी के महाप्रबंधक

डीपीएस में 'विज्ञान प्रदर्शनी' का आयोजन

आसनसोल. दिल्ली पब्लिक स्कूल (आसनसोल) में विज्ञान तथा कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. सेल-आईएसपी के महाप्रबंधक (गुणवत्ता) तमाल कांति दास ने इस विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन किया. महाप्रबंधक श्री दास ने कहा कि छात्रों को विज्ञान के ज्ञान को मानव एवं राष्ट्र के लिये और अधिक उपयोगी बनाने की दिशामें सक्रिय होना चाहिए. उन्होंने छात्रों को विज्ञान एवं तकनीकी के दुरूपयोग, इसके दुष्परिणामों के प्रति आगाह भी किया. विज्ञान प्रदर्शनी में छात्रों द्वारा बनाये गये वर्किंग एवं स्टैटिक मॉडल्स के बारे में अभिभावकों ने विशेष रूचि दिखायी. उनके बारे में जानकारी हासिल की. छात्रों ने वाटर पंप, पेरिस्कोप, फ्लड अलार्म, लेज़र सिक्योरिटी, रेनवाटर हार्वेस्टिंग, हाइड्रोलिक लिफ्ट, वैक्यूम क्लीनर, इलेक्ट्रिक जेनरेटर जैसे पचास से भी अधिक प्रोजेक्ट्स को प्रदर्शित किया. प्री-प्राइमरी के नन्हे-मुन्नों द्वारा निर्मित कलात्मक वस्तुओं को भी प्रदर्शनी में शामिल किया गया. सेल-आईएसपी के उपमहाप्रबंधक डी घोष, डीपीएस (आसनसोल) के प्रधानाचार्य आरडी शर्मा, अध्यापक, छात्र तथा बड़ी संख्या में अभिभावक उपस्थित थे. सभी आगंतुकों ने छात्रों में प्रस्फुटित नवाचार की मुक्त-कंठ से प्रशंसा की.